## राजपूत राजवंशों की उत्पत्ति

1. उत्तर भारत के संदर्भ में पूर्व मध्यकालीन भारतीय इतिहास में 750 ई. से 1200 ई. तक का समय मुख्यतः माना जाता है–
(अ) संक्रमण काल
(ब) राजपूत काल
(स) भारत पर तुर्क आक्रमण का काल
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– उत्तर भारत के संदर्भ में पूर्व मध्यकालीन भारतीय इतिहास में 750 ई. से 1200 ई. तक का समय मुख्यतः राजपूत काल माना गया है। कर्नल जेम्स टॉर्ड ने 12वीं शताब्दी के उत्तर भारत के इतिहास को राजपूत काल भी कहा है।

2. 712 ई. में सिंध पर अरबों के आक्रमण के समय वहाँ का शासक कौन था ?
(अ) दारासिंह (ब) दाहिर
(स) चच (द) भीम
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– राजा दाहिर सिंध के सिंधी ब्राह्मण सैन गुर्जर राजवंश के अंतिम राजा थे। उनके समय में ही अरबों ने सर्वप्रथम सन् 712 ई. में भारत (सिंध) पर आक्रमण किया था जहाँ पर राजा दाहिर सैन ने उन्हें रोका और उनके साथ युद्ध किया परन्तु पराजित हुए। भारत पर अरबवासियों के आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन–दौलत लूटना तथा इस्लाम धर्म का प्रचार–प्रसार करना था।

3. वर्तमान भारत में 'जजिया' कर लगाने का श्रेय सिंध के विजेता मुहम्मद बिन कासिम को दिया जाता है। उसने किस वर्ग को इस कर से पूर्णतः मुक्त रखा ?
(अ) मुसलमानों को
(ब) बौद्धों को
(स) ब्राह्मणों को
(द) निम्न जाति के लोगों को
उत्तर : (स)
व्याख्याः– सर्वप्रथम भारत में जजिया कर लगाने का श्रेय सिंध के विजेता मुहम्मद बिन कासिम को दिया जाता है। उसने ब्राह्मण वर्ग को इस कर से पूर्णतः मुक्त रखा था।

4. 'ढिल्लिका' (दिल्ली) नगर की स्थापना की थी–
(अ) चौहानों ने (ब) तोमरों ने
(स) परमारों ने (द) प्रतिहारों ने
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– चंदबरदाई की रचना पृथ्वीराजरासो में तोमर वंश के राजा अनंगपाल को दिल्ली का संस्थापक बताया गया है। दिल्ली में तोमर वंश का शासनकाल 900–1200 ई. तक माना जाता है। दिल्ली या ढिल्लिका शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम उदयपुर में प्राप्त शिलालेखों पर पाया गया।

5. उस शासक का नाम क्या है जिसने विजय स्तम्भ का निर्माण कराया था ?
(अ) राणा कुम्भा (ब) राणा सांगा
(स) राणा रतन सिंह (द) राणा हम्मीर
उत्तर : (अ) SSC 2002, UPPCS 2010
व्याख्याः– सिसोदिया वंश के शासक अपने को सूर्यवंशी कहते थे, जो मेवाड़ पर शासन करते थे। मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ थी। मेवाड़ नरेश राणा कुम्भा ने महमूद खिलजी के नेतृत्व वाली मालवा और गुजरात की सेनाओं पर विजय उपलक्ष्य में सन् 1440–1448 ई. के मध्य चित्तौड़ में विजय स्तम्भ बनाया।

6. निम्नलिखित में से भारत पर पहली बार आक्रमण करने वाला कौन था ?
(अ) अफगान (ब) मंगोल
(स) अरब (द) तुर्क
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्याः– मुहम्मद बिन कासिम ईरान के गवर्नर अल हज्जाज का सेनापति व दामाद था। हज्जाज ने 712 ई. में मुहम्मद बिन कासिम को भारत पर आक्रमण करने के लिए भारत भेजा। मुहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में अरबों ने 712 ई. में भारत पर पहला सफल आक्रमण किया। अरब आक्रमण के समय सिन्ध पर राजा दाहिर का शासन था, जो मुहम्मद बिन कासिम के साथ युद्ध में पराजित हुआ। भारत पर अरबवासियों के आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन–दौलत लूटना तथा इस्लाम धर्म का प्रचार–प्रसार करना था।

7. 'पृथ्वीराज रासो' निम्नलिखित में से किसने लिखा था ?
(अ) भवभूति (ब) जयदेव
(स) चंदबरदाई (द) बाणभट्ट
उत्तर : (स) SSC 2002, RAS/RTS 1998
व्याख्याः– चौहान वंश के अंतिम शासक पृथ्वीराज चौहान तृतीय के राजकवि चन्दवरदाई की रचना पृथ्वीराज रासो हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक समय की एक महत्वपूर्ण रचना मानी जाती है। इस ग्रंथ में पृथ्वीराज चौहान के जीवन–चरित्र, जयचन्द की पुत्री संयोगिता का पृथ्वीराज चौहान द्वारा किये गये अपहरण एवं राजपूतों की उत्पति के बारे में वर्णन किया गया है। इस ग्रंथ के उल्लेख के आधार पर यह माना जाता है कि मलेच्छों के अत्याचार से त्रस्त होकर महर्षि वशिष्ठ ने अत्याचारियों के

विनाश हेतु आबू पर्वत पर एक यज्ञ किया एवं यज्ञ के अग्निकुंड से चार राजपूत कुलों–परमार, चालुक्य/सोलंकी, प्रतिहार एवं चौहान का जन्म हुआ।

8. किस ग्रंथ के उल्लेख के आधार पर यह माना जाता है कि मलेच्छों के अत्याचार से त्रस्त होकर महर्षि वशिष्ठ ने अत्याचारियों के विनाश हेतु आबू पर्वत पर एक यज्ञ किया एवं यज्ञ के अग्निकुंड से चार राजपूत कुलों–परमार, चालुक्य/सोलंकी, प्रतिहार एवं चौहान का जन्म हुआ ?
(अ) मनुस्मृति (ब) रामायण
(स) पृथ्वीराज रासो (द) राजतरंगिणी
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्या:– चौहान वंश के अंतिम शासक पृथ्वीराज चौहान तृतीय के राजकवि चन्दवरदाई की रचना पृथ्वीराज रासो हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक समय की एक महत्वपूर्ण रचना मानी जाती है। इस ग्रंथ में पृथ्वीराज चौहान के जीवन–चरित्र, जयचन्द की पुत्री संयोगिता का पृथ्वीराज चौहान द्वारा किये गये अपहरण एवं राजपूतों की उत्पत्ति के बारे में वर्णन किया गया है। इस ग्रंथ के उल्लेख के आधार पर यह माना जाता है कि मलेच्छों के अत्याचार से त्रस्त होकर महर्षि वशिष्ठ ने अत्याचारियों के विनाश हेतु आबू पर्वत पर एक यज्ञ किया एवं यज्ञ के अग्निकुंड से चार राजपूत कुलों–परमार, चालुक्य/सोलंकी, प्रतिहार एवं चौहान का जन्म हुआ।

9. पूर्व मध्यकालीन भारत के शासक राजवंशों के साथ उनकी राजधानियों का मेल बैठाएं–
सूची–I
A. प्रतिहार
B. चन्देल
C. परमार
D. चालुक्य/सोलंकी
सूची–II
1. कन्नौज
2. खजुराहो
3. धार
4. आन्हिलवाड़ा
(अ) A – 1, B – 3, C – 4, D - 2
(ब) A – 2, B – 4, C – 4, D - 3
(स) A – 1, B – 2, C –3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (स)
व्याख्या:– गुर्जर प्रतिहार राजवंश की स्थापना नागभट्ट ने 725 ई. में की थी। इनकी राजधानी कन्नौज थी। चन्देल वंश का 8वीं से 12वीं शताब्दी तक स्वतंत्र रूप से यमुना और नर्मदा के बीच, बुंदेलखंड तथा उत्तर प्रदेश के दक्षिणी–पश्चिमी भाग पर राज था। इनकी राजधानी महोबा, खजुराहो, कालिंजर थी। परमार वंश मध्यकालीन भारत का अग्निवंशी क्षत्रिय राजवंश था। इस राजवंश धार–मालवा–उज्जयिनी/आबू पर्वत और सिन्धु के निकट अमरकोट आदि राज्यों तक था। परमार परिवार की मुख्य शाखा आठवीं शताब्दी के प्रारंभिक काल से मालवा में धारा को राजधानी बनाकर राज्य करती थी।

10. वर्ष 1100 ई. में निर्मित मंदिर जो भुवनेश्वर के अन्य मंदिरों पर प्रधानता रखता है, कौन सा है ?
(अ) राजा रानी मंदिर
(ब) कन्दरिया महादेव मंदिर
(स) त्रिभुवनश्वेर लिंगराज मंदिर
(द) मुक्तेश्वर मंदिर
उत्तर : (स) SSC 2001, RRB 2004
व्याख्या:– लिंगराज मंदिर भारत के ओडिशा प्रांत की राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है। यह भगवान त्रिभुवनेश्वर को समर्पित है। इसे ललाटेडुकेशरी ने ने बनवाया था।

11. दिलवाड़ा मंदिर कहाँ पर स्थित है ?
(अ) श्रवणबेलगोला (ब) पारसनाथ पर्वत
(स) इंदौर (द) आबू पर्वत
उत्तर : (द) SSC 2000

12. खजुराहो स्थित मंदिरों का निर्माण किसने किया था ?
(अ) होल्कर (ब) सिंधिया
(स) बुंदेला राजपूत (द) चंदेल राजपूत
उत्तर : (द) SSC 2002

13. विजय स्तम्भ कहाँ स्थित है ?
(अ) दिल्ली (ब) झाँसी
(स) चित्तौड़गढ़ (द) सीकरी
उत्तर : (स) SSC 1999

14. लिंगराज मंदिर की नींव डाली थी–
(अ) ययाति केसरी ने (ब) लालतेन्दु केसरी ने
(स) नरसिंहदेव ने (द) प्रताप रुद्रदेव ने
उत्तर : (अ) RRB 2006

15. हिन्दू विधि पर एक पुस्तक 'मिताक्षरा' किसने लिखी ?
(अ) नयचन्द्र (ब) अमोघवर्ष
(स) विज्ञानेश्वर (द) कंबन
उत्तर : (स) RRB 2005

16. ब्लैक पगोडा है–
(अ) मिस्र में (ब) श्रीलंका में
(स) कोणार्क में (द) मदुरै में
उत्तर : (स) RRB 2004

www.rajstudents.com

17. सोमनाथ के मंदिर पर 1025 ई. में महमूद गजनवी के आक्रमण के समय गुजरात का शासक कौन था ?
(अ) भीमदेव प्रथम (ब) भीमदेव द्वितीय
(स) मूलराज प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) RRB 2005

18. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राजवंश)
A. चौहान
B. गहड़वाल/राठौर
C. गुहिलोत/सिसोदिया
D. कलचुरि
सूची–II (राजधानी)
1. अजमेर
2. कन्नौज
3. चित्तौड़
4. त्रिपुरी
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

19. राजस्थान के इतिहास का प्रणेता किसे कहा जाता है ?
(अ) कर्नल टॉड (ब) जदुनाथ सरकार
(स) कनिंघम (द) विलियम जोन्स
उत्तर : (अ)

20. राजस्थान के इतिहास का प्रणेता किसे कहा जाता है ?
(अ) कर्नल टॉड (ब) जदुनाथ सरकार
(स) कनिंघम (द) विलियम जोन्स
उत्तर : (अ)

21. कौन सुमेलित नहीं है ?
(अ) चंदेल – नन्नुक चंदेल
(ब) कलचुरि – कोक्कल प्रथम
(स) गढ़वाल – चन्द्रदेव
(द) राष्ट्रकूट – विजायलय
उत्तर : (द)

22. निम्नलिखित में से किस मंदिर परिसर में एक भारी भरकम नन्दी की मूर्ति है जिसे भारत की विशालतम नन्दी मूर्ति माना जाता है ?
(अ) वृहदीश्वर मंदिर
(ब) लिंगराज मंदिर
(स) कंदरिया महादेव मंदिर
(द) लेपाक्षी मंदिर
उत्तर : (स) UPPCS 1999

23. 'हरिकेलि' नाटक का रचयिता है–
(अ) चौहान शासक विग्रहराज चतुर्थ (बीसलदेव)
(ब) परमार शासक भोज
(स) प्रतिहार शासक भोज
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

24. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राजवंश)
A. चौहान
B. प्रतिहार
C. परमार
D. चालुक्य/सोलंकी
सूची–II (राज्य क्षेत्र)
1. दिल्ली–अजमेर
2. कन्नौज
3. मालवा
4. काठियावाड़
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

25. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राजवंश)
A. चन्देल
B. कलचुरि
C. गढ़वाल/राठौड़
D. गुहिलोत
सूची–II (राज्य क्षेत्र)
1. जेजाकभुक्ति/बुन्देलखण्ड
2. चेदि
3. कन्नौज
4. मेवाड़
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

26. विक्रमशिला शिक्षा केन्द्र के संस्थापक का नाम है–
(अ) देवपाल (ब) धर्मपाल
(स) नयपाल (द) नरेन्द्रपाल
उत्तर : (ब) CgPSC 2012

27. किस नाटक के कुछ अंश अढ़ाई दिन का झोपड़ा मस्जिद की दीवारों पर अंकित है ?
(अ) हरिकेलि (ब) नागानंद
(स) मालती माधव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

28. रानी पद्मिनी का नाम अलाउद्दीन खिलजी की चित्तौड़ विजय से जोड़ा जाता है। उसके पति का नाम है–
(अ) महाराणा प्रताप (ब) रणजीत सिंह
(स) राजा मानसिंह (द) राणा रतन सिंह
उत्तर : (द) UPPCS 2008

29. निम्नलिखित में से किसे एक नये संवत् चलाने का यश प्राप्त है ?
(अ) धर्मपाल (ब) देवपाल
(स) विजयसेन (द) लक्ष्मण सेन
उत्तर : (द) UPPCS 1999

30. 'गीत गोविन्द' के रचनाकार जयदेव किसकी सभा को अलंकृत करते थे ?
(अ) धर्मपाल (ब) देवाल
(स) विजयसेन (द) लक्ष्मण सेन
उत्तर : (द) UPPCS 1999

31. किसने सोमपुर महाविहार का निर्माण कराया था ?
(अ) कुमारगुप्त (ब) हर्ष
(स) धर्मपाल (द) विजयसेन
उत्तर : (स) UPPCS 1999

32. भुवनेश्वर तथा पुरी के मंदिर किस शैली से निर्मित है ?
(अ) नागर (ब) द्रविड़
(स) वेसर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 1997

33. जगन्नाथ मंदिर किस राज्य में है ?
(अ) बंगाल (ब) उड़ीसा
(स) केरल (द) उत्तर प्रदेश
उत्तर : (ब) MPPSC 1995

34. राजवंश जो कन्नौज पर आधिपत्य स्थापित करने में त्रिकोणीय संघर्ष में उलझे हुए थे, वे थे–
1. चोल
2. पाल
3. प्रतिहार
4. राष्ट्रकूट
(अ) 1, 2 एवं 3 (ब) 1, 2 एवं 4
(स) 2, 3 एवं 4 (द) 1, 3 एवं 4
उत्तर : (स) UPPCS 2002

35. पुरी में स्थित कोणार्क के विशाल सूर्यदेव के मंदिर के निर्माता थे–
(अ) नरसिंह प्रथम (ब) कपिलेन्द्र
(स) पुरुषोत्तम (द) चोड गंग
उत्तर : (अ) RAS/RTS 2000

36. अजयपाल संस्थापक थे–
(अ) अलवर के (ब) भरतपुर के
(स) अजमेर के (द) चित्तौड़गढ़ के
उत्तर : (स) RAS/RTS 1993

37. भारत में प्रथम आक्रमणकारी था–
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक
(ब) महमूद गजनवी
(स) मुहम्मद बिन कासिम
(द) मुहम्मद गौरी
उत्तर : (स) UPPCS 2002

38. निम्नलिखित में से कौन 'कविराज' के नाम से विख्यात थे ?
(अ) भोज परमार (ब) सिंधुराज
(स) मिहिर भोज (द) मूंज
उत्तर : (अ)

39. भोज परमार द्वारा रचित पुस्तकें हैं–
1. समरांगण सूत्रधार
2. सरस्वती कंठाभरण
3. योग सूत्रवृत्ति
4. आयुर्वेद सर्वस्व
(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 1, 2 और 3
(स) केवल 1, 2 और 4 (द) 1, 2, 3 और 4
उत्तर : (द)

40. 'समरांगण सूत्रधार' का विषय है–
(अ) स्थापत्य शास्त्र (ब) खगोल विज्ञान
(स) योग शास्त्र (द) काव्य शास्त्र
उत्तर : (अ)

41. 'उसकी मृत्यु से धारा नगरी, विद्या और विद्वान तीनों ही निराश्रित हो गये'–यह उक्ति किस शासक के संबंध में है ?
(अ) भोज परमार (ब) मिहिर भोज
(स) सिंधुराज (द) भूंज
उत्तर : (अ)

42. किस शासक के राजदरबार में जैन आचार्य हेमचन्द्र को संरक्षण मिला ?
(अ) जयसिंह 'सिद्धराज (ब) कुमारपाल
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

43. वह प्रथम भारतीय शासक कौन था जिससे तुर्क आक्रान्ता मुहम्मद गौरी का सामना हुआ और जिसने मुहम्मद गौरी को परास्त किया ?
(अ) भीम प्रथम (ब) भीम द्वितीय
(स) कुमारपाल (द) जयसिंह 'सिंहराज'
उत्तर : (ब)

44. किस शासक ने कालिंजर के अजेय दुर्ग का निर्माण करवाया ?
(अ) नन्नुक चंदेल (ब) यशोवर्मा
(स) धंगदेव (द) गंडदेव
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

45. निम्नलिखित में वह कौन–सा संवत् है, जो कल्चुरियों द्वारा प्रयुक्त किये जाने के कारण कल्चुरि संवत् भी कहलाता है ?
(अ) विक्रम संवत् (ब) शक संवत्
(स) त्रैकूटक संवत् (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

46. चन्दावर का युद्ध (1194 ई.) किनके मध्य हुआ था ?
(अ) पृथ्वीराज तृतीय एवं मुहम्मद गौरी
(ब) भीम द्वितीय एवं मुहम्मद गौरी
(स) जयचन्द्र एवं मुहम्मद गौरी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

47. 'नैषेध चरि' के रचयिता श्रीहर्ष किस शासक के राजकवित थे ?
(अ) पृथ्वीराज तृतीय (ब) कुमारपाल
(स) चन्द्रदेव (द) जयचन्द्र
उत्तर : (द)

48. निम्नलिखित शहरों में से किसमें लिंगराज मंदिर अवस्थित है ?
(अ) भुवनेश्वर (ब) बीजापुर
(स) कोलकाता (द) श्रवणबेलगोल
उत्तर : (अ) NDA 2004

49. पाल वंश की राजधानी थी–
(अ) मुंगेर (ब) कन्नौज
(स) दिल्ली (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

50. राष्ट्रकूट वंश का संस्थापक था–
(अ) दन्तिदुर्ग (ब) गोविन्द तृतीय
(स) कृष्ण प्रथम (द) इन्द्र तृतीय
उत्तर : (अ)

51. राष्ट्रकूट वंश की राजधानी थी–
(अ) मान्यखेत (ब) कन्नौज
(स) दिल्ली (द) पाटलिपुत्र
उत्तर : (अ)

52. त्रिपक्षीय संघर्ष की पहल किसने की ?
(अ) वत्सराज (ब) धर्मपाल
(स) ध्रुव (द) नागभट्ट द्वितीय
उत्तर : (अ)

53. त्रिपक्षीय संघर्ष में भाग लेकर उत्तर भारत की राजनीति में हस्तक्षेप करने वाली और दक्षिण से उत्तर पर आक्रमण करने वाली दक्षिण की प्रथम शक्ति थे–
(अ) राष्ट्रकूट (ब) चोल
(स) विजयनगर (द) बहमनी
उत्तर : (अ)

54. त्रिपक्षीय संघर्ष का आरंभ किस सदी में हुआ ?
(अ) 8वीं सदी ई. में (ब) 7वीं सदी ई. में
(स) 6ठी सदी ई. में (द) 9वीं सदी इ. में
उत्तर : (अ)

55. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (ग्रंथकार)
A. कल्हण
B. बिल्हण
C. जयानक
D. सोमदेव
सूची–II (ग्रंथ)
1. राजतरंगिनी
2. विक्रमांकदेव चरित
3. पृथ्वीराज विजय
4. ललित विग्रहराज
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

56. किस पर स्वामित्व के लिए पाल, प्रतिहार व राष्ट्रकूट के बीच त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ
(अ) पाटलिपुत्र (ब) कन्नौज
(स) दिल्ली (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

57. त्रिपक्षीय संघर्ष का आरंभ और अंत किस राजवंश ने किया ?
(अ) पाल (ब) प्रतिहार
(स) राष्ट्रकूट प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

58. पाल वंश का संस्थापक था–
(अ) गोपाल (ब) धर्मपाल
(स) देवपाल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

59. किस प्रतिहार शासक ने 'आदिवराह' की उपाधि धारण की ?
(अ) नागभट्ट प्रथम (ब) नागभट्ट द्वितीय
(स) मिहिरभोज (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

60. किस विदेशी यात्री ने गुर्जर–प्रतिहार वंश को 'अल–गुजर' एवं इस वंश के शासकों को 'बैरा' कहकर पुकारा ?
(अ) सुलेमान (ब) अलमसूदी
(स) अलबरुनी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

61. 'कर्पूरमंजरी' नाटक के रचयिता राजशेखर को किस प्रतिहार शासक ने संरक्षण दिया ?
(अ) नागभट्ट प्रथम (ब) नागभट्ट द्वितीय
(स) महेन्द्रपाल प्रथम (द) मिहिरभोज
उत्तर : (स)

62. प्रतिहार स्वयं को किसका वंश मानते थे, जो राम के प्रतिहार (द्वारपाल) थे ?
(अ) सूर्य (ब) चन्द्र
(स) लक्ष्मण (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

63. 750 ई. में बंगाल के पाल वंश की स्थापना करने वाल गोपाल ऐसे शासक थे जिन्हें–
(अ) बगैर संघर्ष के राजा घोषित किया गया
(ब) संपन्न वर्ग के लोगों ने चुना
(स) सामंती सरदारों ने चुना
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (स)

64. किस पाल शासक को गुजराती कवि सोड्ढ़ल ने 'उत्तरापथ स्वामिन्' कहा ?
(अ) धर्मपाल (ब) गोपाल
(स) देवपाल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

65. 9वीं सदी में भारत आए अरब यात्री सुलेमान ने किस साम्राज्य को 'रूहमा' कहकार संबोधित किया ?
(अ) पाल (ब) प्रतिहार
(स) राष्ट्रकूट (द) सेन
उत्तर : (अ)

66. 'रामपालचरित' की रचना किसने की ?
(अ) कालिदास (ब) विज्ञानेश्वर
(स) कौटिल्य (द) संध्याकर नदी
उत्तर : (द)

67. हिन्दू विधि की एक प्रसिद्ध पुस्तक 'दायभाग' के रचयिता थे–
(अ) विज्ञानेश्वर (ब) मनु
(स) जीमूतवाहन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

68. पाल वंश के पतन के बाद बंगाल का राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया–
(अ) सेन वंश ने (ब) शर्की सुल्तानों ने
(स) खिलजी ने (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

69. सेन वंश का संस्थापक कौन था ?
(अ) सामंत सेन (ब) विजय सेन
(स) बल्लाल सेन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

70. किसने 'कुलीन प्रथा' का आरंभ किया ?
(अ) बल्लाल सेन (ब) सामंत सेन
(स) विजय सेन (द) लक्ष्मण सेन
उत्तर : (अ)

71. किसने स्मृति ग्रंथ 'दान सागर' एवं ज्योतिष ग्रंथ 'अद्भुत सागर' की रचना की ?
(अ) सामंत सेन (ब) विजय सेन
(स) बल्लाल सेन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

72. कश्मीर पर लगभग 50 वर्षों तक शासन करने वाली रानी दिद्दा मूल रूप से किस वंश की राजकुमारी थी ?
(अ) कार्कोट वंश (ब) उत्पल वंश
(स) लोहार वंश (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

73. कायस्थों का एक जाति के रूप में प्रथम उल्लेख कहाँ मिलता है ?
(अ) याज्ञवल्क्य स्मृति (ब) पाराशर स्मृति
(स) ओशनम स्मृति (द) स्कंद पुराण
उत्तर : (स)

74. हिन्दुओं में यह दृढ़ विश्वास है कि अन्य कोई देश उनके देश जैसा श्रेष्ठ नहीं है, कोई राजा उसके राजा के समान नहीं है, उनके शास्त्रों के समान कोई शास्त्र नहीं है" यह उक्त किसकी है ?
(अ) मेगास्थनीज (ब) फाहियान
(स) हुएनसांग (द) अलबरुनी
उत्तर : (द)

75. गुर्जर प्रतिहार वंश के उज्जयिनी शाखा का संस्थापक कौन था ?
(अ) हरिश्चन्द्र (ब) नागभट्ट प्रथम
(स) मिहिरभोज (द) नागभट्ट द्वितीय
उत्तर : (ब)

76. खजुराहो के मंदिरों का संबंध है–
(अ) शैव संप्रदाय से (ब) वैष्णव संप्रदाय से
(स) जैन संप्रदाय से (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

77. जैन वास्तुकला का प्राचीनतम उदाहरण मिलता है–
(अ) दिलवाड़ा में (ब) खजुराहो में
(स) पुरी में (द) वाराणसी में
उत्तर : (अ)

78. मंदिर निर्माण शैली 'नागर शैली' का प्रसार क्षेत्र है–
(अ) उत्तरी भारत में हिमालय से विंध्य तक
(ब) विंध्य से कृष्णा तक
(स) कृष्णा से दक्षिण में कन्याकुमारी तक
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

79. मंदिर निर्माण शैली 'बेसर शैली' का प्रसार क्षेत्र है–
(अ) उत्तरी भारत में हिमालय से विंध्य तक
(ब) विंध्य से कृष्णा तक
(स) कृष्णा से दक्षिण में कन्याकुमारी तक
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

80. मंदिर निर्माण शैली 'द्रविड़ शैली' का प्रसार क्षेत्र है–
(अ) उत्तरी भारत में हिमालय से विंध्य तक
(ब) विंध्य से कृष्णा तक
(स) कृष्णा से दक्षिण में कन्याकुमारी तक
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

81. ओदंतपुरी विश्वविद्यालय (बिहार) का संस्थापक कौन था ?
(अ) गोपाल (ब) देवपाल
(स) धर्मपाल (द) महिपाल
उत्तर : (अ)

82. मोढ़ेरा का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है ?
(अ) बिहार (ब) गुजरात
(स) उड़ीसा (द) बंगाल
उत्तर : (ब) CgPSC 2012

83. कल्हण द्वारा रचित ग्रंथ 'राजतरंगिणी' में कुल कितने तरंग है ?
(अ) 8 (ब) 9
(स) 10 (द) 11
उत्तर : (अ)

84. 'कर्पूरमंजरी' नाटक के रचयिता राजशेखर को किस प्रतिहार शासक ने संरक्षण दिया ?
(अ) नागभट्ट प्रथम (ब) नागभट्ट द्वितीय
(स) महेन्द्रपाल प्रथम (द) मिहिरभोज
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com